संख्या–cm-92
17/02/2019

# विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के शिलान्यास, कार्यारंभ एवं उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 17 फरवरी 2019 :– प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज बेगूसराय के उलाओ एयरपोर्ट प्रांगण से मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय, रेल मंत्रालय, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की 33,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन, कार्यारम्भ एवं शिलान्यास किया। इन योजनाओं में जगदीशपुर–हल्दिया और बोकारो धामरा पाइप लाइन परियोजना (जे0एच0बी0डी0पी0एल0) के चरण–1– बिहार पैकेज, पटना में सिटी गैस वितरण (सी0जी0डी0), पटना रिवर फ्रंट विकास के पहले चरण के तहत 16 घाटों, 4.9 किलोमीटर विहार स्थल, 3 बहुउद्देशीय इमारत और एक श्मशान घाट, रांची–पटना ए0सी0 साप्ताहिक एक्सप्रेस के साथ ही बरौनी–कटिहार–कुमेदपुर, मुजफ्फरपुर–सुगौली–बेतिया, सुगौली–रक्सौल, फतुहा–इस्लामपुर और बिहारशरीफ–दनियांवा रेलखंडों के विद्युतीकरण परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। इसके अलावा बरौनी–उर्वरक संयंत्र के पुनरुद्धार हेतु शिलान्यास, बरौनी रिफाइनरी विस्तार परियोजना का शिलान्यास, बरौनी रिफाइनरी में इंडजेट यूनिट का शिलान्यास, पारादीप–हल्दिया–दुर्गापुर एल0पी0जी0 पाइप लाइन को बढ़ाने तथा पटना और मुजफ्फरपुर तक इसके विस्तार का शिलान्यास, पटना मेट्रो रेल परियोजना के तहत 31.39 किलोमीटर कुल लम्बाई के दो गलियारे वाले दानापुर से मीठापुर (11 स्टेशनों के साथ 16.94 कि0मी0) और पटना स्टेशन से न्यू आई0एस0बी0टी0 (12 स्टेशनों के साथ 14.49 कि0मी0) का शिलान्यास, 30 एम0एल0डी0 क्षमता का निर्माण और सीवरेज परियोजनाओं के लिए 96.54 किलोमीटर नेटवर्क बिछाना, विभिन्न स्थानों पर 22 अमृत परियोजना के साथ ही सारण (छपरा) और पूर्णिया में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, भागलपुर और गया में सरकारी मेडिकल कॉलेजों के उन्नयन का कार्यारम्भ किया गया। आज उद्घाटन, कार्यारम्भ एवं शिलान्यास की गई परियोजनाओं से संबंधित वृत्तचित्र भी जनसभा में प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पटना और हजारीबाग से भी लोग जुड़े थे।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार की इस ऐतिहासिक धरती पर सबसे पहले मैं आदरणीय प्रधानमंत्री जी का समस्त बिहारवासियों, बिहार सरकार एवं अपनी तरफ से स्वागत एवं अभिनंदन करता हूँ। उन्होंने कहा कि आज यहाँ जितनी योजनाओं का शुभारंभ, कार्यारम्भ एवं शिलान्यास हुआ है, इसके लिए मैं उन्हें विशेष तौर पर बधाई देता हूँ। बेगूसराय का यह इलाका फर्टिलाइजर फैक्ट्री सहित औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित हुआ है, उसमें श्रद्धेय श्री बाबू की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि यहाँ कि फर्टिलाइजर फैक्ट्री बंद हो गई थी, जिसे केंद्र सरकार ने पुनः प्रारम्भ करने की दिशा में काम शुरू किया है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार को विशेष रूप से बधाई देता हूँ। यहाँ रिफाइनरी का भी विस्तार हो रहा है और एविएशन के लिए फ्यूल का जो काम हो रहा है, उसके लिए केंद्र सरकार का मैं अभिनंदन करता हूँ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की आबादी 12 करोड़ है और शुरू से ही हमारी यह इच्छा थी कि बिहार की राजधानी पटना में भी मेट्रो रेल सेवा का परिचालन शुरू हो सके। हम इस काम में बहुत पहले से लगे हुये थे और अंततोगत्वा आदरणीय प्रधानमंत्री जी का पूरा समर्थन मिलने के बाद केंद्र सरकार की कैबिनेट ने इसकी मंजूरी दी। आज उसका शिलान्यास हो गया। बिहारवासियों के लिए यह खुशी की बात है। पटना मेट्रो रेल परियोजना के लिए जमीन का प्रबंध राज्य सरकार करेगी, जबकि इस परियोजना की लागत का 20 प्रतिशत राज्य सरकार और 20 प्रतिशत धनराशि केंद्र सरकार वहन करेगी। शेष धनराशि ऋण के रूप में लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मेडिकल कॉलेजों का भी शिलान्यास किया गया है और अब मेडिकल कॉलेजों में विशिष्ट केंद्र भी स्थापित किये जाएंगे। मैं इसके लिए केंद्र सरकार को बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि तीन–चार दिन पहले आतंकी हमले में हमारे जवान शहीद हो गए थे, जिनमे दो जवान हमारे बिहार के भी थे। इस आतंकी हमले से पूरा देश आक्रोशित है और हमें पूरा भरोसा है कि देश इसका जबर्दस्त बदला लेगा, जो हर हिंदुस्तानी के मन मे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने भी स्पष्ट रूप से कहा है कि आतंकवादियों और उन्हें समर्थन देने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। बिहार के जो दो जवान शहीद हुए हैं, उनके परिवार को राज्य सरकार हरसंभव सहायता देगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के अलावा निजी तौर पर भी लोग शहीदों के परिवार को मदद देने का एलान किये हैं। आतंकियों ने जो कायराना हमला किया है, इसके लिए उन्हें सबक सिखाना होगा और मुझे पूरा यकीन है कि केंद्र सरकार सहित पूरा देश उनको जबाब देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की पुण्य तिथि है, मैं उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय श्रीबाबू की बिहार के विकास में जो भूमिका रही है, मैं उसके लिए उनको नमन करता हूँ और बेगूसराय की यह भूमि रामधारी सिंह दिनकर जी का भी है, मैं उनके प्रति भी अपनी श्रद्धा निवेदित करता हूँ।

जनसभा को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ–साथ केंद्रीय खाद्य उपभोक्ता एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री रामविलास पासवान एवं उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री लालजी टंडन, केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद, केंद्रीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह, श्री रामकृपाल यादव, श्री अश्विनी चौबे, श्री आर0के0 सिंह, बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, कृषि मंत्री श्री प्रेम कुमार, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, श्रम संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, सांसद श्री राकेश कुमार सिन्हा, सांसद श्री नित्यानंद राय, विधान पार्षद श्री रजनीश कुमार, अन्य गणमान्य व्यक्ति, विधायकगण, विधान पार्षदगण, केंद्र एवं बिहार सरकार के पदाधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में आमलोग उपस्थित थे।

इसके पूर्व पटना हवाई अड्डा पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया।

******